भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता–प्रमाणन प्रकोष्ठ
(गुणवत्ता सुधार प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक तकनीकी सहयोग संगठन है। एनएचएसआरसी, विभिन्न कार्यों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करता है। ऐसी आवश्यकताएं गतिशील प्रकृति की होती हैं। एनएचएसआरसी का कार्य सात प्रभागों में वितरित है, जिनके नाम हैं– सामुदायिक प्रक्रियाएं और व्यापक प्राथमिक देखभाल, स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण, स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, जन स्वास्थ्य नियोजन, जन स्वास्थ्य प्रशासन, और गुणवत्ता सुधार।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे।

जन स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान की जाने वाली देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक बनाए किए गए थे। इस कार्य के लिए, एनएचएसआरसी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सचिवालय का कार्य करता है। वर्ष 2013 में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जिला अस्पतालों के लिए गुणवत्ता आश्वासन प्रचालन संबंधी दिशानिर्देश और गुणवत्ता मानक तैयार किए गए थे। इसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के लिए गुणवत्ता मानकों को तैयार और कार्यान्वित किया गया और बाद के वर्षों में शहरी पीएचसी के लिए गुणवत्ता मानकों को लागू किया गया। प्रत्येक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के अनुपालन की सीमा के मापन की एक सुस्पष्ट प्रणाली है। प्रत्येक गुणवत्ता मानक के मापने योग्य घटक और जांच बिंदु मौजूद हैं।

एनक्यूएएस के कार्यान्वयन हेतु, एनक्यूएएस और लक्ष्य प्रमाणन कार्यक्रमों का प्रबंधन करने के लिए गुणवत्ता सुधार प्रभाग के भीतर एक स्वतंत्र प्रमाणन प्रकोष्ठ बनाया गया है, जिसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

1. एनक्यूएएस और लक्ष्य के अंतर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के राष्ट्रीय मूल्यांकन की योजना बनाना,
2. सटीकता और पूर्णता के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा करना,
3. पुरस्कार मानदंडों के अनुसार मूल्यांकन किए गए स्वास्थ्य केंद्रों की मसौदा रिपोर्ट को अंतिम रूप देना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सिफारिश करना,
4. मूल्यांकन निष्कर्षों और प्रमाणन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से संपर्क करना,
5. सभी एनक्यूएएस और लक्ष्य प्रमाण पत्रों का समय पर प्रमाणित केंद्रों को प्रेषण सुनिश्चित करना।
6. मूल्यांकन किए गए स्वास्थ्य केंद्रों से मूल्यांकनकर्ताओं के मूल्यांकन फीडबैक को एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना तथा उचित माध्यम से समय पर सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करना,

7. कमियों को दूर कर और सुधार के अवसरों की पहचान कर गुणवत्ता में सुधार करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र को कमियों की रिपोर्ट उपलब्ध कराना,
8. स्वास्थ्य केंद्र की निगरानी लेखा परीक्षा रिपोर्ट की वार्षिक समीक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मानकों के निरंतर अनुपालन की निगरानी करना।

उपर्युक्त कार्यों में सहयोग प्रदान करने के लिए, एनएचआरसी गुणवत्ता सुधार प्रभाग के प्रमाणन प्रकोष्ठ में एक परामर्शदाता की भर्ती करने का इच्छुक है। पदग्राही से अपेक्षित है कि वह अच्छी नैदानिक पृष्ठभूमि और उत्कृष्ट लेखन कौशल वाला हो।*दायित्व का निर्वहन करते समय पदग्राही से अपेक्षित है कि वह ईमानदारी, गोपनीयता की भावना के साथ कठोर नैतिक और सदाचार नियमों का पालन करे।*

भूमिकाएं और दायित्वः

- एनक्यूएएस और लक्ष्य के तहत सुव्यवस्थित प्रमाणन की सुविधा के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता, प्रमाणन प्रकोष्ठ को सहायता प्रदान करना।
- एनक्यूएएस और लक्ष्य के तहत मूल्यांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करने और बाधारहित मंजूरी के लिए गुणवत्ता सुधार प्रभाग में संबंधित राज्य प्रभारी के साथ समन्वय करना।
- एनएचएसआरसी के परामर्शदाताओं से मंजूरी के बाद एनक्यूएएस/लक्ष्य के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन की समय–सारणी तैयार करना।
- मूल्यांकन के लिए सूचीबद्ध बाह्य मूल्यांकनकर्ता की टीम को अंतिम रूप देना और समन्वय करना,
- प्रमाणन प्रक्रिया हेतु प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य/जिला गुणवत्ता आश्वासन इकाई, स्वास्थ्य केंद्र गुणवत्ता टीम के साथ प्रभावी समन्वय करना।
- स्वास्थ्य केंद्रों में प्रमाणन संबंधी सभी गतिविधियों की निगरानी और पर्यवेक्षण करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्य को सभी निष्कर्षों को समय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना।
- सभी एनक्यूएएस/लक्ष्य प्रमाणपत्रों को समय पर राज्य/स्वास्थ्य केंद्रों को प्रेषण सुनिश्चित करना।
- विवादास्पद मुद्दों और फीडबैक के निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए अपील समिति की बैठकें बुलाना।
- प्रमाणन प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षुओं, अध्येताओं और कनिष्ठ परामर्शदाताओं का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करना।
- वरिष्ठ परामर्शदाता, प्रमाणन प्रकोष्ठ या सलाहकार, गुणवत्ता सवुधार द्वारा आवंटित प्रमाणन प्रकोष्ठ से संबंधित कोई अन्य दायित्व।

योग्यताएं एवं अनुभवः*****

अनिवार्यः

- किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष में स्नातक।
- किसी ख्यातिप्राप्त संस्थान से अस्पताल/स्वास्थ्य प्रबंध/जन स्वास्थ्य में दो वर्ष की पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि (या समकक्ष)।
- जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर जन स्वास्थ्य केंद्रों में एनक्यूएएस के कार्यान्वयन के एक वर्ष के अनुभव सहित योग्यता उपरांत (एमएचए उपरांत) 2 वर्षों का अनुभव।

वांछनीय– निम्नलिखित आवेदकों को वरीयता प्रदान की जाएगी–

- वैध पंजीकरण सहित एमसीआई द्वारा मान्यताप्राप्त कॉलेज से एमबीबीएस

- एनक्यूएएस के बाह्य मूल्यांकनकर्ता
- जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिगोचर परिणामों सहित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के कार्यान्वयन का गहन अनुभव।
- ख्यातिप्राप्त पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेख (मुख्य लेखक के रूप में)।

पदग्राहियों में उत्कृष्ट लेखन कौशल का होना अपेक्षित है, जिसके लिए छंटनी परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

** योग्य अभर्थियों को शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।*

नोट–

- केवल संक्षिप्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- अभ्यर्थियों के लेखन कौशल और भाषा प्रवीणता का निर्णय करने के लिए उन्हें लिखित परीक्षा में भाग लेने एवं प्रस्तुति के लिए कहा जा सकता है।

आयु सीमाः 40 वर्ष* (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

** उपयुक्त अभ्यर्थियों के लिए आयु में ढील दी जा सकती है।*

कार्य स्थलः नई दिल्ली, राज्यों और जिलों की अत्यधिक यात्रा।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. तक

***योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।***

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 27 जनवरी, 2020 तक nhsrc.delhi@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।